पाठ 1

सादर नमन

जिसने पहला दीप जलाकर
अँधियारे को ललकारा है
उजियारे के उस सपूत को
सादर नमन हमारा है।

जिसने पहला पाँव बढ़ाकर
पथ का रूप सँवारा है
निर्जन वन के उस पथिक को
सादर नमन हमारा है।

जिसने पहला हाथ बढ़ाकर
सबको दिया सहारा है
मँझधारों के उस माँझी को
सादर नमन हमारा है।

जिसने पहला शूल हटाकर
फूलों को सत्कारा है
मानवता के उस माली को
सादर नमन हमारा है।

जिसने पहला तिलक लगाकर
जय का मंत्र उचारा है
मातृभूमि के उस शहीद को
सादर नमन हमारा है।

शब्दार्थ

निर्जन	–	सुनसान, जहाँ लोग नहीं रहते	माँझी	–	केवट, मल्लाह
शूल	–	काँटे	सत्कारा	–	आदर किया, सम्मान किया
ललकारा	–	चुनौती दी	मँझधार	–	बीच धार, प्रवाह के बीच

अभ्यास कार्य

पाठ से

सोचें और बताएँ

1. उजियारे का सपूत किसे कहा गया है?
2. मानवता का माली किसे बताया गया है?
3. कविता में किसे नमन किया गया है?

लिखें

उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(सहारा, पहला, जय, तिलक)

1. जिसने .... हाथ बढ़ाकर सबको दिया .... है।
2. जिसने पहला .... लगाकर .... का मंत्र उचारा है।

अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. कवि ने किन–किन को सादर नमन किया है?
2. कविता में कौन–से माँझी को नमन किया गया है?
3. आपके अनुसार इस कविता का 'सादर नमन' के अतिरिक्त और क्या शीर्षक हो सकता है?

लघूत्तरात्मक प्रश्न

1. 'जिसने पहला दीप जलाकर अँधियारे को ललकारा है' यहाँ पहला दीप जलाने से क्या आशय है?
2. 'मानवता का माली' पद में 'माली' शब्द का क्या आशय है?
3. 'पहला शूल हटाकर फूलों को सत्कारा है' का आशय स्पष्ट कीजिए।

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न

1. 'जिसने सबसे पहले चुनौती स्वीकार कर विजय दिलवाई है, प्राण न्योछावर करने वाले मातृभूमि के उस वीर को हमारा सादर नमस्कार है।' उक्त भाव जिन पँक्तियों में है, उन्हें लिखकर व्याख्या कीजिए।
2. अच्छे कार्य करने वाले व्यक्ति के प्रति हमारी भावनाएँ कैसी होती हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

भाषा की बात

1. कविता में 'सादर' शब्द आया है। सादर शब्द 'आदर' में 'स' जोड़ने पर (स+आदर = सादर) बना है। इसका अर्थ होता है– आदर सहित। नीचे लिखे शब्दों में 'स' जोड़कर नए शब्द बनाइए और उनके

अर्थ लिखिए –

प्रेम, विनय, हर्ष, परिवार, कुशल

2. जिसने पहला पाँव बढ़ाकर पथ का रूप सँवारा है।
वाक्य में रेखांकित शब्द का अर्थ है बढ़ा करके।
जब किसी वाक्य में दो क्रियाएँ प्रयुक्त हुई हों तथा उनमें से एक क्रिया दूसरी क्रिया से पहले संपन्न हुई हो तो पहले संपन्न होने वाली क्रिया पूर्वकालिक क्रिया कहलाती है। इसे 'कर' प्रत्यय से पहचाना जाता है।
आप भी कविता में से पूर्वकालिक क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए।

पाठ से आगे

1. इस कविता में 'सादर नमन हमारा है' बार–बार आया है। आप किन–किन लोगों के लिए 'सादर नमन हमारा है' लिखना चाहेंगे और क्यों? लिखिए।
2. इस कविता को याद करके बाल–सभा में सुनाएँ।

सृजन

1. कविता में प्रत्येक चरण के अंत में 'सादर नमन हमारा है' लिखा हुआ है। आप भी ऐसे चरण जोड़कर कविता को आगे बढ़ाइए।
2. इसी भाव की कोई अन्य कविता ढूँढ़कर 'मेरा संकलन' में लिखिए।
3. गद्य में कर्ता, कर्म और क्रिया के क्रम को ध्यान में रखा जाता है और पद्य में लय और तुक मिलाई जाती है। गद्य और पद्य में मुख्य रूप से यही अंतर होता है। आप भी दी गई पद्य पंक्तियों को गद्य में बदलकर लिखिए–

(1) हम पंछी उन्मुक्त गगन के पिंजरबद्ध न गा पाएँगे।
(2) हम भारत के भरत खेलते शेरों की संतान से।
(3) सबसे प्यारा जग से न्यारा भारत देश हमारा है।

जानें, गुनें और जीवन में उतारें

मेरे हृदय में केवल एक अभिलाषा बाकी है कि मैं अपनी मातृभूमि का रज कण बनूँ।